CTET Paper I Daily Rank Booster, Hindi Language II Day 8

ENTRI

GET IT ON Google Play

1. **निर्देश- निम्नांकित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और अंत में दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनकर दीजिए -**

हर इंसान अपनी जिंदगी में कुछ न कुछ बनना चाहता है और जिंदगी के लक्ष्य को पाना एक सपने की तरह होता हैI चुकिं हम मनुष्यों का कुछ न कुछ बनने का स्वप्न होता है, हम अपने स्वप्न को साकार रुप प्रदान करने के लिए उसे अपना आधार और लक्ष्य बना लेते हैं। अपने सपने के आधार पर अपने भविष्य की नींव रखना आरम्भ करते हैं। हमारा लक्ष्य कुछ भी हो सकता है। हम चिकित्सक, इंजीनियर, राजनेता, अभिनेता, सरकारी कर्मचारी, अध्यापक कुछ भी बनने की सोच सकते हैं। हमारी शिक्षा का स्तर भी लक्ष्य के आधार पर बढ़ने लगता है। शिक्षा एक ऐसा माध्यम है, जो लक्ष्य तक पहुँचने का मार्ग है। शिक्षा ही लक्ष्य तक पहुँचाकर सपने को साकार करती है। यह मनुष्य के जीवन में बहुमूल्य रत्न के समान है, जो किसी के द्वारा चुराया व मिटाया नहीं जा सकता है। यक्ष द्वारा पूछा गया प्रश्न कि विदेश में मनुष्य का साथी कौन होता है? युधिष्ठिर द्वारा इसका उत्तर दिया गया 'विद्या'। महाभारत में युधिष्ठिर और यक्ष के इस संवाद से स्पष्ट हो जाता है कि शिक्षा प्राचीनकाल से ही मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण रही है।

A. **गद्यांश में प्रयुक्त शब्द 'युधिष्ठिर' में कौन-सा समास है?**

A तत्पुरुष समास

B द्वंद्व समास

C **बहुव्रीहि समास**

D अव्ययीभाव समास

ENTRI

Solution

युधिष्ठिर का समास-विग्रह - "युद्ध में स्थिर रहने वाला" होगा।

B. **अगर आप अपने लक्ष्य तक पहुंचना चाहते हैं तो आपको किस मार्ग पर चलना चाहिए?**

A धन के मार्ग पर।

B अनीति के मार्ग पर।

C **शिक्षा के मार्ग पर।**

D अध्यापक के बताए मार्ग पर।

Solution

अगर आप अपने लक्ष्य तक पहुंचना चाहते हैं तो आपको शिक्षा के मार्ग पर चलना चाहिए |

C. **मनुष्य की जिंदगी में उसका आधार और लक्ष्य क्या होता है ?**

A धन कमाना और सफल बनना।

B **स्वयं के सपने को साकार करना।**

C घर बसाना और जीवन में सुख-सुविधाओं का भोग करना।

D मनचाही नौकरी पाना।

Solution

स्वयं के सपने को पूरा करना।

D. **हम अपने सपने के आधार पर किसकी नींव रखना आरम्भ करते हैं?**

A वर्तमान की

B भूतकाल की

C **भविष्य की**

D उपरोक्त सभी

Solution

हम अपने सपने के आधार पर अपने भविष्य की नींव रखना आरम्भ करते हैं।

E. **दिए गए गद्यांश में अपनी बात को साबित करने के लिए लेखक ने क्या उदाहरण दिए हैं?**

A शिक्षा के सबल पक्ष का उदाहरण रखता है।

B **महाभारत में यक्ष और युधिष्ठिर के संवाद को देता है।**

C सपनों का उदाहरण रखता है।

D भावी भविष्य का उदाहरण रखता है।

Solution

अपनी बात की प्रमाणिकता को सिद्ध करने के लिए लेखक महाभारत में यक्ष और युधिष्ठिर के संवाद का उदाहरण देता है |

2. **निम्न में स्त्रीलिंग शब्द होगा -**

A गुस्सा

B सोना

C समाज

D **मछली**

Solution

उपरोक्त विकल्पों में से मछली शब्द स्त्रीलिंग होगा।

3. **जिस समास का उत्तरपद प्रधान हो और पूर्वपद गौण हो उसे कौन सा समास कहते हैं?**

A अव्ययीभाव समास

B द्विगु समास

C कर्मधारय समास

D **तत्पुरुष समास**

Solution

जिस समास का उत्तरपद प्रधान हो और पूर्वपद गौण हो उसे तत्पुरुष समास कहते हैं

जैसे- तुलसीकृत = तुलसी द्वारा कृत (रचित) |

4. **निम्नलिखित में से किसे व्यक्तित्व के समायोजन के लिए मनोवैज्ञानिकों ने मुख्य साधन माना है जिसके द्वारा मनुष्य अपने मनोभावों को प्रकाशित करता तथा अपनी भावनाओं को रूप देता है।**

A अभिप्रेरणा

B शारीरिक क्षमता

C बौद्धिक क्षमता

D **अभिव्यक्ति**

Solution

अभिव्यक्ति का अर्थ विचारों के प्रकाशन से है। व्यक्तित्व के समायोजन के लिए मनोवैज्ञानिकों ने अभिव्यक्ति को मुख्य साधन माना है। इसके द्वारा मनुष्य अपने मनोभावों को प्रकाशित करता तथा अपनी भावनाओं को रूप देता है। वर्तमान युग में मनोविश्लेषण शास्त्र के विद्वानों ने व्यक्ति की अतृप्त इच्छाओं की अभिव्यक्ति के लिए कई विधियाँ बताई हैं। उनका कहना है कि विकृत मन को शांति देने के लिए सर्वप्रथम आवश्यक है कि किसी भी प्रकार की कोई क्षति उसे ऐसा करने से रोके नहीं।

5. **सुगंधि शब्द का समानार्थी शब्द नहीं है-**

A सौरभ

B सुरभि

C खुशबू

D **रश्मि**

Solution

रश्मि सुगंधि शब्द का समानार्थी शब्द नहीं है।

6. **हिंदी की कक्षा में मीरा कक्षा कक्ष के विद्यार्थियों को विभिन्न शब्दों का अर्थ बताना चाहती है, विभिन्न शिक्षण विधियों के बीच शब्द का अर्थ स्पष्ट करने हेतु कौन सी विधि सर्वाधिक उपयुक्त होगी ?**

A व्याख्यान विधि

B **वाक्य प्रयोग विधि**

C भ्रमण विधि

D परियोजना विधि

Solution

हिंदी की कक्षा में मीरा कक्षा कक्ष के विद्यार्थियों को विभिन्न शब्दों का अर्थ बताना चाहती है, विभिन्न शिक्षण विधियों के बीच शब्द का अर्थ स्पष्ट करने हेतु वाक्य प्रयोग विधि सर्वाधिक उपयुक्त होगी I

7. **पढ़ाई करते समय किताब और आंखों के बीच की दूरी कम-से-कम कितनी होनी चाहिए ?**

A 5 इंच

B 18 इंच

C 15 इंच

D **12 इंच**

Solution

किताब और आंखों के बीच की दूरी कम-से-कम 12 इंच या 30 से.मी. होना चाहिए। इसी तरह टीवी तीन मीटर या 10 फुट की दूरी से देखना चाहिए। पढ़ते समय आंखों को कभी भी स्थिर न रखें। उन्हें पंक्ति के एक छोर से दूसरे तक घुमाएं।

8. पढ़ने की प्रक्रिया में सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं –

A अर्थ

B गति

C प्रवाह

D अक्षर-ज्ञान

Solution

पढ़ने की प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण अर्थ ग्रहण करना होता है ।

9. **उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों के लिए साहित्य का चयन करते समय आप किस बात का सर्वाधिक ध्यान रखेंगे?**

A रचनाओं की लंबाई

B **बच्चों का स्तर और रुचि**

C सरल भाषा

D रचनाकार की प्रसिद्धि

Solution

बच्चों के स्तर और रूचि का ध्यान रखा जाता है।

10. **छोटे बच्चे एक ही बार में पूरी भाषा नहीं लिख पाते हैं वह एक-एक करके छोटी छोटी चीजों को लिखते हैं फिर संपूर्ण वाक्य या भाषा का प्रयोग कर सकते हैं। निम्नलिखित में से क्या लिखित भाषा का लघुतम रूप है ?**

A वाक्य

B ध्वनि

C शब्द

D **वर्ण**

Solution

छोटे बच्चे एक ही बार में पूरी भाषा नहीं लिख पाते हैं वह एक-एक करके छोटी छोटी चीजों को लिखते हैं फिर संपूर्ण वाक्य या भाषा का प्रयोग कर सकते हैं, 'वर्ण' लिखित भाषा का लघुतम रूप है |

11. **जब बच्चे भाषा शिक्षण करते हैं तो उसके अलग-अलग स्तरों पर उन्हें चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, भाषा शिक्षण में विभिन्न स्तरों के बच्चों की चुनौतियों के लिए एक सफल दृष्टिकोण क्या होगा ?**

A मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण

B आध्यात्मिक दृष्टिकोण

C वैज्ञानिक दृष्टिकोण

D समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण

Solution

जब बच्चे भाषा शिक्षण करते हैं तो उसके अलग-अलग स्तरों पर उन्हें चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, भाषा शिक्षण में विभिन्न स्तरों के बच्चों की चुनौतियों के लिए एक सफल दृष्टिकोण मनोवैज्ञानिक होगा क्योंकि मनोविज्ञान ही मन का विज्ञान है जिससे कि बच्चों के अलग-अलग स्तर के परेशानियों को समझा जा सकता है और उसे दूर किया जा सकता है

12. मृत्यु-सागर में कौन-सा अलंकार है?

A रूपक अलंकार

B शब्दालंकार

C यमक अलंकार

D उत्प्रेक्षा अलंकार

Solution

"मृत्यु-सागर में रूपक अलंकार है। जब गुण की अत्यंत समानता के कारण उपमेय को ही उपमान बता दिया जाए यानी उपमेय ओर उपमान में अभिन्नता दर्शायी जाए तब वह रूपक अलंकार कहलाता है।

13. **‘अमरता’ का सही अर्थ क्या होगा ?**

A अमर होना

B आत्मा का शाश्वत अस्तित्व

C देवत्व

D **उपरोक्त सभी**

Solution

अमर होना, आत्मा का शाश्वत अस्तित्व और देवत्व सभी अमरता का सही अर्थ है I

14. ‘सौरभ’ का समानार्थी शब्द बताइए ?

A अज्ञानता

B खुशबू

C सम्मान

D महान

Solution

सौरभ का समानार्थी शब्द बताइए ‘खुशबू’ है ।

15. **शब्द कमलेश के संबंध में निम्नलिखित में से क्या सत्य है?**

A कमल के जैसा सम्मान

B कमल के जैसी बुद्धि

C कमल के जैसा ईश

D **कमला के ईश**

Solution

यह कमला के ईश को सम्बोधित करता है।

16. **एक नवनियुक्त शिक्षिका ने आपसे पूछा की अगर बच्चों को उच्च प्राथमिक स्तर पर व्याकरण शिक्षण करवाना चाहते हैं तो उसके लिए सबसे बेहतर विधि क्या हो सकती है, तो आपका क्या जवाब होगा**

A सूत्र विधि

B **आगमन विधि**

C निगमन विधि

D भाषा संसर्ग विधि

Solution

एक नवनियुक्त शिक्षिका ने आपसे पूछा की अगर बच्चों को उच्च प्राथमिक स्तर पर व्याकरण शिक्षण करवाना चाहते हैं तो उसके लिए सबसे बेहतर विधि क्या हो सकती है, तो आपका जवाब होगा- आगमन विधि क्योंकि आगमन विधि में बच्चे को विस्तृत रूप से समझाया जा सकता है I

17. **भाषा की पाठय-पुस्तक में सबसे महत्वपूर्ण पक्ष हैं –**

A कागज की गुणवत्ता

B आकर्षक चित्र

C **पाठों का उद्देश्यपूर्ण चयन**

D अभ्यासों की बहुलता

Solution

भाषा की पाठ्य पुस्तक में सबसे महत्वपूर्ण पक्ष पाठों का उद्देश्यपूर्ण चयन होता है।

18. **‘तदभव' पत्रिका के संपादक कौन हैं?**

A तोताराम

B विभूति नारायण

C कृष्ण मोहन

D **अखिलेश**

Solution

तदभव पत्रिका के सम्पादक अखिलेश हैं| तदभव पत्रिका लखनऊ से प्रकाशित होती है| इसकी शुरुआत मार्च 1999 से हुई थी |

19. **निम्नलिखित में से क्या बच्चों के लिए गद्यांश शिक्षण के लिए प्राथमिक उद्देश्य नहीं है :**

A अच्छे भाषण का प्रायोगिक रूप दिखाना

B **संपूर्ण गद्यांश को पढ़ा कर उसमें निपुण कर देना**

C भाषा और वाक्यों की संरचना को बताना

D भाषा के उपयोग और प्रयोग को बताना

Solution

एक गद्यांश शिक्षण का उद्देश्य बच्चों के लिए महत्वपूर्ण है जिससे कि वह अच्छे वार्तालाप का प्रायोगिक रूप देख सकें, भाषा और वाक्यों की संरचना कर सकें और इसके उपयोग तथा प्रयोग को समझ सकें I बच्चों के लिए गद्यांश शिक्षण की विधाओं में निपुण करना प्राथमिक उद्देश्य नहीं है I

20. **निम्नलिखित में से एक जो बाकी तीनों से अलग है उसको चुने?**

A शिक्षार्थी की कार्य क्षमता

B सतत और व्यापक मूल्यांकन

C रचनात्मक मूल्यांकन

D **योगात्मक मूल्यांकन**

Solution

शिक्षार्थी की कार्य क्षमता, सतत और व्यापक मूल्यांकन, रचनात्मक मूल्यांकन शिक्षार्थियों के सीखने के लिए आकलन से संबंधित है जबकि योगात्मक मूल्यांकन उनके सीखने का आकलन है I

21. **निम्नलिखित में से क्या एक हिंदी भाषा में मूल्यांकन के संचित अभिलेखों में उपलब्ध होना चाहिए ?**

A विद्यार्थियों की उपस्थिति और चिकित्सा रिकॉर्ड

B विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित अनुशासनहीनता की घटनाओं का रिकॉर्ड

C **विद्यार्थियों की रुचियों, अभिक्षमता और सामाजिक समायोजनों के प्रगतिशील विकास का रिकॉर्ड**

D किसी भी विशिष्ट दिन विद्यार्थियों के व्यवहार का रिकॉर्ड

Solution

हिंदी भाषा में मूल्यांकन के संचित अभिलेखों में विद्यार्थियों की रुचियों, अभिक्षमता और सामजिक समायोजनों के प्रगतिशील विकास का रिकॉर्ड उपलब्ध होना चाहिए

22. भाषा शिक्षण के किस सिद्धांत के अनुसार बच्चा समाजिक अंतःक्रिया द्वारा भाषा अर्जित करता है और सीखता है। यह प्रक्रिया सरल, सहज व् स्वाभाविक रूप से होती है। यदि उसके परिवार, समाज में कोई भाषा सम्बन्धी त्रुटि है, तो वह मातृभाषा के प्रभाव से बच्चे में भी आ जाती है।?

A अनुकरण का सिद्धांत

B अनुबंधन का सिद्धांत

C प्रेरणा का सिद्धांत

D उपरोक्त सभी

Solution

अनुकरण का सिद्धांत - वायगोत्स्की के अनुसार बच्चा समाजिक अंतःक्रिया द्वारा भाषा अर्जित करता है और सीखता है। यह प्रक्रिया सरल, सहज व् स्वाभाविक रूप से होती है। यदि उसके परिवार, समाज में कोई भाषा सम्बन्धी त्रुटि है, तो वह मातृभाषा के प्रभाव से बच्चे में भी आ जाती है।

23. **भाषा शिक्षण की विभिन्न पद्धति विद्यालय में शिक्षा के क्रम में पढ़ाई जाती है, निम्नलिखित में से क्या भाषा शिक्षण की पद्धति नहीं है?**

A मॉण्टेसरी

B किण्डरगार्टन

C ड्रेकाली

D **अभिक्रमित अनुदेशन**

Solution

मॉण्टेसरी, किण्डरगार्टन, ड्रेकाली भाषा की विभिन्न शिक्षण पद्धति है, जबकि अभिक्रमित अनुदेशन अधिगम के क्षेत्र में प्रस्तुत की जानेवाली एक आधुनिक विधि है। इस विधि के अनुसार शिक्षार्थियों को अपनी व्यक्तिगत भिन्नताओं के अनुसार सीखने का अवसर प्राप्त होता है।

24. निम्नलिखित में से कौन वास्तविक जीवन की स्थितियों से संबंधित है?

A कार्यात्मक व्याकरण

B संरचनात्मक व्याकरण

C नियमानुसार व्याकरण

D औपचारिक व्याकरण

Solution

कार्यात्मक व्याकरण वास्तविक जीवन की स्थितियों से संबंधित है,क्योंकि यह ज़मीनी स्तर पर कार्य से संबंधित है और जिसके द्वारा किसी भाषा को शुद्ध बोला, पढ़ा और शुद्ध लिखा जाता है। किसी भी भाषा के लिखने, पढ़ने और बोलने के निश्चित नियम होते हैं। भाषा की शुद्धता व सुंदरता को बनाए रखने के लिए इन नियमों का पालन करना आवश्यक होता है।

25. **उच्च माध्यमिक स्तर पर हिंदी भाषा की पाठय-पुस्तक में हिन्दीतर भाषाओं की रचनाओं को भी स्थान देने का मुख्य उद्देश्य है :**

A अन्य भाषाओं के उत्कृष्ट साहित्य से परिचित कराना

B अन्य भाषाओं के व्याकरण से परिचित कराना

C अन्य भाषाओं के रचनाकारों से परिचित कराना

D अन्य भाषाओं के साथ तुलना करना

Solution

उच्च माध्यमिक स्तर पर हिंदी भाषा की पाठय-पुस्तक में हिन्दीतर भाषाओं की रचनाओं को भी स्थान देने का मुख्य उद्देश्य अन्य भाषाओं के उत्कृष्ट साहित्य से परिचित कराना है

26. **निम्नलिखित में से क्या लेखन कौशल का उद्देश्य नहीं है ?**

A आत्म अभिव्यक्ति

B भाषा की प्रस्तुति

C **शब्दों की पुनरावृति**

D इनमें से कोई नहीं

Solution

आत्म अभिव्यक्ति तथा भाषा की प्रस्तुति लेखन कौशल से संबंधित है जबकि शब्दों की पुनरावृति पठन कौशल से संबंधित है I

ENTRI
GET IT ON Google Play